# वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय
## आरा – 802 301 (बिहार)
Ph. & Fax : 06182 - 239209

पत्रांकः–.............................................. दिनांकः–.......................................

सेवा में,

**प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या**
सभी अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

:विषयः– स्नातक सत्र 2026-30, सेमेस्टर-I, कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में नामांकन हेतु तृतीय मेधा सूची के आधार पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से नामांकन अपडेट करने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि विश्वविद्यालय के समस्त अंगीभूत, एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक सेमेस्टर-I, सत्र 2026-30, कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में जारी नामांकन प्रक्रिया में तृतीय मेधा सूची का प्रकाशन दिनांक 25.08.26 को समर्थ पोर्टल पर किया जा रहा है। नामांकन के इच्छुक छात्र/छात्राएँ दिनांक 02.09.26 तक सम्बंधित महाविद्यालय में मूल प्रमाण पत्रों का भौतिक सत्यापन कराते हुए निर्धारित शुल्क का भुगतान कर अपना नामांकन पोर्टल पर अपडेट कराना सुनिश्चित करें।

नामांकन की प्रक्रिया प्रथम मेधा सूची नामांकन प्रक्रिया के अनुरूप ही रहेगी।

**नोटः- (1) पंजीयन शुल्क एवं प्रयोगशाला शुल्क के अतिरिक्त SC, ST, के छात्र/छात्राएँ एवं सभी कोटि के छात्राओं से किसी प्रकार का कोई शुल्क नामांकन मद में नहीं लिया जाय । पोर्टल पर नामांकन अपडेट करने सम्बंधी दिशा-निर्देश समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध है।**

**नोटः- (2) सम्बंधित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या से अनुरोध है कि वे छात्रों के मूल प्रमाण प्रत्रों की सम्यक् जाँचोपरान्त नियमानुसार नामांकन सुनिश्चित कराने की कृपा करेगें। नामांकन की समस्त जवाबदेही सम्बंधित प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या की होगी।**

विश्वासभाजन

ह०/–

**अध्यक्ष, छात्र कल्याण**

**ज्ञापांक** DSW/73/26 .............. **दिनांक** 25.08.2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषितः–

1. कुलपति/प्रतिकुलपति एवं कुलसचिव के निजी सहायक, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

25.08.26

**अध्यक्ष, छात्र कल्याण**
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

25.08.2026

D:New/Hin\B.K.-P-201

Scanned with OKEN Scanner